# डिजिटल इंडिया कारपोरेशन और यूपी डेस्को के बीच एमओयू

राज्य ब्यूरो, जागरण● लखनऊ: राज्य सरकार के आइटी एवं इलेक्ट्रानिक्स विभाग की ओर से आयोजित एआइ हेल्थ समिट में डिजिटल इंडिया कारपोरेशन ने यूपी में एआइ ईकोसिस्टम को सशक्त बनाने के लिए उत्तर प्रदेश डेवलपमेंट सिस्टम्स कारपोरेशन लिमिटेड (यूपीडेस्को), लखनऊ के मध्य एक समझौता ज्ञापन का आदान-प्रदान किया गया। यह एमओयू प्रमुख सचिव, आइटी एवं इलेक्ट्रानिक्स अनुराग यादव तथा डिजिटल इंडिया कारपोरेशन की स्वतंत्र इकाई इंडिया एआइ मिशन के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अभिषेक सिंह के बीच हुआ। यह समझौता केंद्र व राज्य सरकार के बीच तकनीकी सहयोग को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है।

यूपी डेस्को की प्रबंध निदेशक नेहा जैन ने कहा कि इंडिया एआइ मिशन के अंतर्गत उत्तर प्रदेश में परियोजना के क्रियान्वयन के लिए आइटी एवं इलेक्ट्रानिक्स विभाग को नोडल विभाग तथा यूपी डेस्को को राज्य की नोडल एजेंसी के रूप में नामित किया गया है। बताया कि उत्तर प्रदेश में कुल 65 डाटा व एआइ लैब स्थापित किए जाने की योजना है।